पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

संख्या- 119/2024 **दिनांक- 12.04.2024**

प्रेस विज्ञप्ति

थाना- महराजगंज

पुलिस मुठभेड़ में महिला से चेन व लॉकेट की लूट करने वाला बदमाश घायल/गिरफ्तार; अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद।

पूर्व की घटना –

दिनांक- 15.03.2024 को वादिनी मुकदमा श्रीमती वन्दना यादव पुत्री रामदरश यादव निवासी शिवपुर थाना महराजगंज जनपद आजमगढ ने थाने पर आकर लिखित तहरीर दी कि ग्राम मुडिलपुर के तरफ जाने वाले मार्ग पर वादिनी अपने देवर राम आशीष के साथ मोटरसाइकिल से अपने गांव शिवपुर जा रही थी, एक मोटर साइकिल सवार (वाहन सं0 UP50AX6066) दो अज्ञात बदमाशों द्वारा वादिनी मुकदमा से चेन व लॉकेट छिनकर भागने लगे, वादिनी के देवर रामआशीष के द्वारा रोकने पर वादिनी के देवर के साथ मारपीट करके मोटरसाइकिल की चाभी छिनकर फेंक दिया गया तथा चेन और लाकेट लेकर भाग गये, के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 84/24 धारा 392/323 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

➡मुकदमा उपरोक्त में विवेचना के दौरान वाहन सं0 UP50AX6066 को मोबाइल आनलाइन ई-चालान एप्लीकेशन के माध्यम से अभियुक्त मोहम्मद अजीम पुत्र मोहम्मद सालीम निवासी शास्त्रीनगर (कस्बा महराजगंज) थाना महराजगंज जनपद आजमगढ का नाम प्रकाश में आया।

गिरफ्तारी का विवरण- (पुलिस मुठभेड़)

आज दिनांक- 12.04.24 की रात्रि समय 12.00 बजे प्र0नि0 राजीव कुमार मिश्रा मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त मोहम्मद अजीम उपरोक्त की तलाश/गिरफ्तारी हेतु कस्बा महराजगंज में मौजूद थे कि सूचना मिली की महिला से चेन व लॉकेट छिनने वाला लूटेरा मोहम्मद अजीम उपरोक्त अपनी मोटरसाइकिल से कटान बाजार की ओर से महराजगंज कस्बे की तरफ आ रहा है, इस सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुँची, पुलिस की गाड़ी को देखकर मोटरसाईकिल सवार पीछे मुड़कर **महेशपुर रोड** की तरफ भागने का प्रयास किया कि अचानक मोटर साईकिल फिसल कर बन्द हो गयी तथा बदमाश अपने को पुलिस पार्टी से घिरा देखर जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया, पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ नियंत्रित फायरिंग की गयी, जिसमें बदमाश के **बाये पैर में गोली** लगी है।

➡घायल बदमाश की पहचान **मोहम्मद अजीम पुत्र मोहम्मद सालिम निवासी शास्त्रीनगर (कस्बा महराजगंज) थाना महराजगंज जनपद आजमगढ** के रुप में हुई। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु **सीएचसी महराजंगज** भेजा गया।

➡घायल अभियुक्त मोहम्मद अजीम के पास से **01 तमंचा .315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 खोखा कारतूस .315 बोर तथा लूट की घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल सीडी डीलक्स UP50AX6066 व लूटे गये चेन व लॉकेटे के बिक्री के 700 रुपए बरामद** हुआ।

➡घायल अभियुक्त मोहम्मद अजीम को दिनाक- 12.04.2024 की **रात्रि समय 12.30 बजे गिरफ्तार** किया गया।

➡गिरफ्तारी व बरादमगी के आधार पर थाना महराजगंज पर मु0अ0स0 129/24 धारा 307 भादवि व 3/25 **शस्त्र अधिनियम** पंजीकृत किया गया है।

पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि दिनांक15.03.24 को समय करीब 03.00 बजे दिन में, मैं और मेरा एक साथी मुडीलपुर के पास से एक महिला का एक चेन व लॉकेट छीन कर भागे थे। लूट के चेन व लॉकेट बेचने के बाद मुझे 5000 रूपया हिस्सा मिला था, जिसमें 4300 रूपया मैने खर्च कर दिया है। 700 रूपया मेरे पास शेष था, जो बरामद हुआ है।

पंजीकृत अभियोग-

1-मु0अ0सं0 84/24 धारा 392/323 भादवि थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़

2-मु0अ0स0 129/24 धारा 307 भादवि व 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. मोहम्मद अजीम पुत्र मोहम्मद सालिम निवासी शास्त्रीनगर (कस्बा महराजगंज) थाना महराजगंज जनपद आजमगढ

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 84/24 धारा 392/323 भादवि थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़
2. मु0अ0स0 129/24 धारा 307 भादवि व 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़

बरामदगी का विवरणः-

1. एक तमंचा .315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 खोखा कारतूस .315 बोर ,

2- लूट की घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल सीडी डीलक्स UP50AX6066 व 700 रुपए बरामद हुआ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 राजीव कुमार मिश्रा थाना महराजगंज आजमगढ़
2. उ0नि0 धीरेन्द्र बहादुर सिंह थाना महराजगंज आजमगढ़
3. उ0नि0 सुभाषचन्द्र दुबे थाना महराजगंज आजमगढ़
4. का0 विजय कुमार थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़
5. का0 रोहित साहू थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़
6. का0 अजीत कुमार थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़
7. का0 मिथिलेस पासवान थाना महराजगंज जनपद आजमगढ
8. का0 संतोष खरवार थाना महराजगंज जनपद आजमगढ
9. का0 वीरेन्द्र भारतीया थाना महराजगंज जनपद आजमगढ
10. म0का0 गुडिया यादव थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़